दिनांक 12.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय किक बाक्सिंग चैम्पियनशीप में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नगर के प्रतिभागीयों का सम्मान कर प्रोत्साहित किया। देश के 27 राज्यों के बीच रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय किक बाक्सिंग चैम्पियनशीप में भिलाई के छत्रपाल साहू, जितेन्द्र नेवल, कुमारी तनिका वर्मा, करण वर्मा ने दिल्ली और तेलंगाना की टीम को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त के0एल0 चौहान से निगम में सम्मानित कर उन्हे बधाई देते हुए कहा कि आपकी विजय न केवल भिलाई के लिए बल्कि छत्तीसगढ़ को गौरान्वित किया है। महापौर एवं आयुक्त ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके प्रशंसा की। इस अवसर पर कोच विकास निर्मलकर, सोनम साहू, सतरुपा ढ़िमर, संगीता वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, केशव बंछोर, दीवाकर भारती, सूर्यकान्त सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू, सुशीला देवांगन, नरेश कोठारी, आदि उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी